an>

Title :Demand to repair old bridges in Maharashtra.

श्री राजन विचारे (ठाणे) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं सदन का ध्यान महाराष्ट्र के महाड़ तहसील की तरफ दिलाना चाहता हूँ। एक तरफ जहाँ पिछले सप्ताह से पूरे महाराष्ट्र में बारिश के कारण हाहाकार की स्थिति बनी हुई है, वहीं मुंबई-गोवा महामार्ग पर शुरू हुए फोरलेन का काम अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। मेरी मांग है कि राज्य के सभी पुराने ब्रिटिशकालीन पुलों, महाड़ की गांधारी नदी के ऊपर का पुल, मडगाँव का पुल, बोगेश्वरी का पुल, अंबा नदी का पुल, कुंडली नदी का पुल, पनवेल के कातुंदरे एवं गाढ़ी नदी के पुल का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराना चाहिए। जहाँ पर पुराने पुल के पास नए पुल के निर्माण का काम चल रहा है, ऐसी जगहों पर सतर्कता बरतकर किसी बड़ी दुर्घटना को होने से रोका जा सकता है।

ठाणे और मुम्बई में गणपति उत्सव मनाने के लिए हज़ारों की संख्या में भक्तगण उस रास्ते से जाने का प्रयास करते हैं। विशेष रूप से आने वाले कुछ दिनों में गणेश उत्सव शुरू होने जा रहा है। इसी दरम्यान भक्तगण इस रास्ते का भारी मात्रा में इस्तेमाल करते हैं, लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें यातायात संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी कारण मुम्बई-गोवा महामार्ग, विपलुन की वशिष्ठ नदी और खेड़ स्थित जगबूड़ी नदी के ऊपर पुराने पुल पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री से अनुरोध करता हूँ कि उपर्युक्त विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार करें, ताकि भविष्य में घटने वाले हादसों पर विराम लग सके।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

श्री शरद त्रिपाठी को श्री राजन विचारे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।